to exchange soiled, torn and mutilated notes. Specific complaints of non. implementation of this scheme by any Currency Chest branches, for whatever reasons, are followed up by RBI with the banks concerned for corrective action. However, there is no statutory ban on the profession of money changers.

हथकरघा क्षेत्र के लिए की गई रामसाही आयोग की सिफारिशें

2839. **श्री रशीद मसूद :** क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि हथकरघा क्षेत्र में सुधार लाने के लिये रामसाही आयोग द्वारा की गई सिफारिशें सरकार को प्राप्त हो चुकी है ; और

(ख) यदि हां, तो इस आयोग की सिफारिशों के आधार पर सरकार द्वारा अब तक क्या-क्या कदम उठाये गये हैं और उनके फलस्वरूप प्राप्त हुए परिणामों का ब्यौरा क्या है ?

वस्त्र मंत्री (श्री राम निवास मिर्धा) : (क) और (ख) उत्तर प्रदेश सरकार ने रामसहाय आयोग की स्थापना 1972 में की थी । अतः आयोग के सिफारिशों को कार्यान्वित करना उत्तर प्रदेश सरकार के अधिकार क्षेत्र में है, उक्त सरकार ने सूचित किया है कि आयोग की हथकरघा क्षेत्र से संबंधित अधिकतर सिफारिशें पहले ही कार्यान्वित की जा चुकी हैं इन सिफारिशों के क्रियान्वयन के संबंध में उठाए गए महत्वपूर्ण कदम हैं :- अलग हथकरघा और वस्त्र निदेशालय की स्थापना, उ० प्र० हथकरघा निगम, बुनकर सहकारी मिलों और उनके संघ की स्थापना, गहन हथकरघा विकास परियोजनाएं प्रारम्भ करना, हथकरघा बुनकरों को कार्यकारी पूंजी उपलब्ध कराना, आदि ।

उत्तर प्रदेश की कपास पर आधारित इकाइयों में संकट

2840. **श्री रशीद मसूद :** क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 19 फरवरी, 1988 के 'इंडियन एक्सप्रेस' में "यू०पी० काटन बेस्ड यूनिट्स फेसिंग इकानामिक क्राइस" शीर्षक के अन्तर्गत प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में तथ्य क्या हैं ; और

(ग) इस संकट के निवारण के लिये सरकार द्वारा क्या तात्कालिक कदम उठाये गए हैं ।

वस्त्र मंत्री (श्री राम निवास मिर्धा) : (क) ऐसा कोई समाचार दिनांक 19 फरवरी, 1988 के "इंडियन एक्सप्रेस" में प्रकाशित हुआ प्रतीत नहीं होता ।

(ख) और (ग) उपर्युक्त (क) को देखते हुए प्रश्न नहीं उठते ।

Destruction of forests due to consumption/utilisation of forest wood

2841. SHRI CHIMANBHAI MEHTA: Will the Minister of ENVIRONMENT AND FORESTS be pleased to state:

(a) how much forest is destroyed every year in terms of area, number of trees and cubic metres Of wood;

(b) how much is used ag firewood, for scaffolding and other supporting activities in construction industry, for fancy applications like doors, windows and furniture and for other applications out of the above wood;

(c) how much resources in terms of money and time would be necessary for raising the same area of forests every year;